भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

बिहार BIHAR

14187-1000/- 5.4.21

माँ दुर्गा कं० मदनपुर श्रीकंस्ट्रक्शन

AF 178452

MANINDRA SHARMA
STAMP-VENDOR
L.N-1/87
AURANGABAD (BIHAR)

26 MAR 2021

# (A)STANDARD FROM OF AGREEMENT

Notes on standard Form of Agreement.
The Agreement should incorporate any correction of Modification to the Bid resulting from Corrections of errors (Instructions to Bidders. Clause 26)

## STANDARD FROM : AGREEMENT

Rate Approved by **C.E-1 RWD,Patna** Letter No. 734 we dated 23.02.2021 on 11.10 % ( **Eleven point one zero percent**) below.

**Agreement No** ---02----- **M.B.D:-2021-22**

This Agreement made the -25/5/2021 day of Tuesday --between ***Executive Engineer,RWD,Works Division,Sherghati*** **(hereinafter called "the Employer")** of the one part **M/S MAA DURGA CONSTRUCTION, AT- BANIYA, PO- NAGMATIYA, PS- MADANPUR, AURANGABAD Reg.No.- 2151301 (Class-II)** called the Contractor" of the other part) Where as the employer is desirour that the contractor Execute Package No- **MR-N/19-20 SHERGHATI/08** under Sherghati Block

**Name of Road-**

1. Prakhand barachatti ke diwaniya panchayat me gosai pesra math ke jhaj panchayat sime tk – 0.900 km
2. Prakhand barachatti ke jhajh panchayat sima me mahadalit tola hote hue nawadih purani panchayat – 0.600 km
3. Karma road to Bhagwati - 1.500 km
4. Dhangain mein road bigha to paili – 0.900 km
5. GT Road to Patej- 2.600km

**[Name and identification number of contract](hereinafter called the work) and the employer has accepted the Bid by the contractor for the execution and completion of such works and the remedying of any defects therein at a cost of Rupees- 22044360.00 (Two Crore twenty lakh forty four thousand three hundred sixty Only.)**

M/s Maa Durga Construction
Partner

Executive Engineer
R.W.D. Works Division
Sherghati
25/5/2021

Scanned with CamScanner

NOW THIS AGREEMENT WITNSSETH AS FOLLOLWS:-

1. In this Agreement word and expression shall have the same meanings as are respectively assigned to them in the conditions of contract hereinafter referred to, and they shall be deemed to form and be read and construed as part of this agreement.
2. In consideration of the payments to be made by the Employer to the contractor as hereinafter mentioned, the Contractor herby covenants with the Employer to execute and complete the work and remedy any defects therein conformity in all aspects with the provisions of the contract.
3. The Employer hereby covenants to pay the contractor in consideration of the execution and completion of the work and the remedying the defects within the contract price or the such other sum as a may become payable under the provisions of the contract at the times and in the manner prescribed by the contract.
4. The following documents shall be deemed to form and be read and construed as part of this Agreement Viz:

(i) Letter of Acceptance

(ii) Notice to proceed with the works

(iii) Contractor's Bid

(iv) Contract Date

(v) Special conditions of contract and General Conditions of conctract

(vi) Specification

(vii) Drawing

(viii) Bill of Quantities, and

(ix) Any other documents listed in the contract data as forming part of the contract.

In witness where of the parties there to have caused this agreement to be executed the day and year first before written.

The common seal of ------------------------------------------------------------

Was hereunto affixed in the presence of :-

Signed, sealed and Delivered by the said------------------------------------------

In the presence of :

Binding Signature of Employer ----------------------------------------------------

Binding Signature of Contractor --------------------------------------------------

Note:- Rate approved by the S.E,RWD GAYA Letter No 425 we dated 24.02.2021

Date of Work Started- 25/5/2021

Date of Completion- 24/5/2022

M/s Maa Durga Constru...
Partner

Executive Engineer
R.W.D. Works Division
Sherghati
25/5/2021 25.5.21

Scanned with CamScanner

गुख्य अभियंता–1 का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना

पत्रांक–II/प्र0–01–872/20 734 (318?) पटना, दिनांक– 23/2/21

प्रेषक,

गुख्य अभियंता–1
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, शेरघाटी ।

विषय:–ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी के अधीन शीर्ष 3054, गरम्मति (नई अनुरक्षण नीति –2018) योजना अन्तर्गत MR-N/19-20-Sherghati/08 पथ का, गरम्मति एवं पाँच वर्षीय रख–रखाव कार्य (टेन्डर आई0डी0–96062) के निविदा के वित्तीय बीड के संबंध में।

प्रसंग:–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया का पत्रांक 319 अनु0 दिनांक 12.02.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित किया जाता है ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी के अधीन शीर्ष 3054 गरम्मति (नई अनुरक्षण नीति –2018) योजना अन्तर्गत MR-N/19-20-Sherghati/08 पथ का गरम्मति एवं पाँच वर्षीय रख–रखाव कार्य (टेन्डर आई0डी0–96062) आपके एवं अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया के अनुशंसा पर न्यूनतम दरदाता M/S Maa Durga Costruction (Bid ID-414227) को उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर/राशि से 11.10 (ग्यारह दशमलव एक शून्य) प्रतिशत कम पर अर्थात् 2,20,44,360.00 (दो करोड़ बीस लाख चौवालीस हजार तीन सौ साठ) रूपये मात्र पर आवंटित किया जाता है।

1. कार्यादेश निर्गत करने से पूर्व आप स्वयं अग्रधन सत्यापन कर सत्यापन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।
3. संवेदक के द्वारा एकरारनामा के लिए जमा की गयी राशि एवं निविदा के साथ जमा किये गये राशि से संबंधित एन0एस0सी0/किसान विकास पत्र/बैंक गारंटी आदि का सत्यापन संबंधित डाकघर/बैंक से कराकर प्रमण्डलीय कार्यालय में अभिलेखित किया जायेगा।
4. एकरारनामा के पूर्व निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार सभी वांछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा।
5. एकरारनामा के समय निविदाकार से मासिक कार्य योजना लिखित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा, जो एकरारनामा का अंश होगा।
6. कार्य में व्यवहृत सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है। कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पायी जाती है, तो उसके सापेक्ष दर में कमी कर अधीक्षण अभियंता से तदनुसार स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय।
7. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित शर्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्तों में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
8. एकरारनामा के समय प्रत्येक मद के मापी की शुद्धता की जाँच स्वयं कर लेगें।
9. LOAनिर्गत करने में विभागीय पत्रांक 6452/पटना दिनांक 13.12.19 में निहित निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
10. कार्यारम्भ के पूर्व आप स्वयं कार्य स्थल के निरीक्षणोपरान्त स्थल की स्थिति, सरकारी भूमि की उपलब्धता एवं प्राक्कलन में किये गये उपबन्ध से पूरी तरह आश्वस्त हो लेगें एवं प्रावैधिक स्वीकृति के अग्रसारण प्रारूप में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।
11. एकरारनामा के समय संवेदक से कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर लेंगे एवं उसका अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।
12. अधीक्षण अभियंता एवं आप स्वयं विशेष रूप से ध्यान देंगें कि कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के अन्दर पूरा हो जाये।

M/s Maa Durga Construc...
Partner

Executive Engineer
R.W.D. Works Division,
Sherghati

Scanned by CamScanner
Scanned with CamScanner

13. एकरारनामा के पूर्व आश्वस्त हो लेंगे कि संबंधित संवेदक का नाम डिबार सूची/काली सूची में सम्मिलित नहीं है।

14. सफल संवेदक के साथ शीघ्रातिशीघ्र एकरारनामा वित्त अधिनियम के तहत् 21 दिनों के अन्दर कर कार्य प्रारम्भ कराया जाय। एकरारनामा करने के लिए संवेदक को एक निश्चित समय सीमा दी जाय और उस समय के अन्दर सभी कागजातों के साथ उपस्थित नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय जिससे कि उचित कार्रवाई की जा सकें।

15. इस कार्य का व्यय शीर्ष 3054 मरम्मति (नई अनुरक्षण नीति –2018) योजना अन्तर्गत से विकलित होगा।

16. कार्य का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक महीने की सातवी तारीख तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को समर्पित की जाय।

17. एकरारनामा करने से पूर्व संबंधित अधीक्षण अभियंता से परिमाण विपत्र के मद, मात्रा एवं दर की जाँच पुनः करा ले एवं स्वयं भी आश्वस्त हो ले।

18. एकरारनामा करते समय यह प्रावधान किया जाय कि संवेदक त्रुटिपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति के लिए पूर्णतः दोषी माने जायेंगें।

19. यदि सफल निविदादाता विभाग में निबंधित नहीं हैं तो एकरारनामा के पूर्व उन्हें विभाग में विधिवत निबंधन कराना आवश्यक होगा।

20. यह भी सुनिश्चित कर लेंगे कि यह कार्य किसी अन्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत नहीं है एवं किसी अन्य एजेन्सी के द्वारा इसका कार्य नहीं कराया जा रहा है।

21. इस कार्य पर होने वाले व्यय को वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति की राशि के अन्तर्गत ही रखा जाय। एकरारनामा करने से पूर्वयह सुनिश्चित कर लेंगे कि संवेदक के पास पूर्व में कोई कार्य लम्बित नहीं है।

22. निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर इसकी सूचना यथाशीघ्र मुख्यालय को भेजी जाय एवं निर्देश प्राप्त होने तक निविदा पर अग्रतर कार्रवाई स्थगित रखा जाय।

23. सभी निविदा कागजात एवं तुलनात्मक विवरणी की मूल कागजात अग्रत्तर कार्रवाई हेतु वापस लौटायी जा रही है।

24. एकरारनामा के पूर्व संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र की शुद्धता की जॉच कर लेंगे। किसी प्रकार कि भिन्नता होने पर एकरारनामा नहीं करेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे। साथ ही साथ यंत्र–सयंत्र की उपलब्धता के संबंध में भी आश्वस्त हो लेंगे।

25. विभागीय पत्रांक 14/अ0प्र0–03–21/2021 489 अनु0 पटना दिनांक 28.01.2021 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देगें।

अनु0:–यथोवत।

विश्वासभाजन

23-2-21

मुख्य अभियंता–1
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना

ज्ञापांक:– 734 पटना, दिनांक:– 23/2/21

प्रतिलिपि:–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि आप अपने स्तर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी को उपर्योक्त दिए गए निदेश के आलोक में 24 घंटा के अंदर LOA निर्गत करने हेतु विभागीय पत्रांक 6452/पटना दिनांक 13.12.19 का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे तदनुसार एकरारनामा की प्रक्रिया भी जल्द से जल्द हो ये सुनिश्चित करेंगे।

23.2.21

मुख्य अभियंता–1
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना

**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया।**

ज्ञापांक:–...425..... गया/दिनांक:–...24/02/2021

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य अंचल, गया।

M/s Maa Durga Construction
Partner

Executive Engineer
R.W.D. Works Division
Sherghati

Scanned by CamScanner

Scanned with CamScanner